thearyasamaj.org

18th January 2015 ओ३म् Annual Susbscription fee 100/-

# आर्य जीवन

# ఆర్య జీవన్



संस्कृति संरक्षण व सामाजिक परिवर्तन का संकल्प
హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక

## KAKA IS NO MORE NOW

### VETERAN CONGRESS LEADER HAVING ARYA SAMAJI BACK GROUND A YOUNG CRUSSADER AGAINST THE THEN RAZAKARS SRI G.. VENKAT SWAMI ( KAKA ) PASSED AWAY ON 22nd DECEMBER 2014

## కాకా అస్తమయం

आर्य समाज से अपने सामाजिक-राजनीतिक जीवन का कार्य थशुरू करने वाले श्री जी. वेंकटस्वामीजी अब नहीं रहे।



**TRIBUTE TO KAKA
- ARYA PRATINIDHI SABHA
HYDERABAD**

గడ్డం వెంకటస్వామి

గల్లీ నుంచి ఢిల్లీ దాక..

గరీబుల అండగా..

అనితర సాధ్యం కాకా మార్గం

## కాకా ప్రస్థానం

**పేరు:** గడ్డం వెంకటస్వామి (కాకా)

**విద్యాభ్యాసం:** లాల్ దర్వాజ ఆర్యసమాజ్ స్కూలు, హైదరాబాద్ చాదర్‌ఘాట్ స్కూలు, మొగల్‌పుర స్కూలులో విద్యాభ్యాసం.

**వివాహం:** 1944లో కళావతితో వివాహం.

**తొలి పదవి:** 1946,47లో 15 సం.ల చిరు ప్రాయంలోని యూత్ కాంగ్రెస్ జనరల్ సెక్రటరీ పదవి చేపట్టారు. 1982లో ఆంధ్రప్రదేశ్ కాంగ్రెస్ కమిటీ అధ్యక్షులుగా నియామకం.

**ఎన్నిక:** 1957లో ఆంధ్రప్రదేశ్‌లోని చెన్నూరు, సిర్పూరు నియోజక వర్గం నుంచి ఎమ్మెల్యేగా మొదటిసారిగా ఎంపికయ్యారు. ఆ తర్వాత పార్లమెంట్ సభ్యుడిగా ఏకధాటిగా 7 పర్యాయాలు ఎన్నికయ్యారు.

**మంత్రి పదవులు:** ఇందిరాగాంధీ మంత్రివర్గంలో కేంద్ర కార్మిక శాఖ మంత్రిగా 1972 నుంచి 77 వరకు కొనసాగారు. 1978 నుంచి 82 వరకు ఆంధ్రప్రదేశ్ ప్రభుత్వంలో లేబర్ అండ్ సివిల్ సప్లయిస్ మంత్రిగా వ్యవహరించారు. 1991-96లో పివి నరసింహారావు ప్రధాని హయాంలో కేంద్ర గ్రామీణాభివృద్ధి శాఖకు స్టేట్ మినిస్టర్‌గా పనిచేశారు. 1993లో కేంద్ర టెక్స్‌టైల్ మినిస్టర్‌గా బాధ్యతలు చేపట్టారు.

**పథకాలు:** 1991లో చారిత్రాత్మక పంచాయతీ రాజ్ బిల్లు ప్రవేశపెట్టారు. 1993-94లో సింగరేణి నష్టాల్లో కూరుకుపోయి బీఐఎఫ్ఆర్ కోరల్లో చిక్కుకోగా సంస్థకు 400 కోట్ల రూపాయల వడ్డీని మాఫీ చేయించి ఎన్టీపీసీ నుంచి 100 కోట్ల సొమ్ము అడ్వాన్స్‌గా ఇప్పించి సంస్థ గాడిలో పడటానికి కృషి చేశారు. 1995లో కేంద్ర కార్మిక శాఖ మంత్రిగా ఉండగా పదవీ విరమణ అనంతరం కార్మికులకు పెన్షన్ ప్రవేశపెట్టే విధానాన్ని తీసుకువచ్చి 85 లక్షల మంది కార్మికులకు పెన్షన్ ఇప్పించారు. 1973లో హైదరాబాద్‌లో బీఆర్ అంబేద్కర్ కళాశాలను ప్రారంభించారు.

thearyasamaj.org

वर्ष १९९८ में आयोजित पं. नरेंद्र जी प्रतिमा अनावरण समारोह में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री आई.के. गुजरालजी के साथ श्री जी. वेंकट स्वामीजी। साथ में स्वामी अग्निवेशजी, श्री जयपाल रेड्डीजी व प्रधान सभा श्री विट्ठलरावजी आर्य देखे जा सकते हैं।




# గల్లీనుంచి ఢిల్లీదాకా

- నెహ్రూ ముందే తెలంగాణ నినాదాలు
- తొలినాటి ఉద్యమంలో తూటా గాయం
- సీడబ్ల్యూసీలో తెలంగాణ నినాదం

(కరీంనగర్ ప్రతినిధి- టీ మీడియా)

కాకా అని ప్రజలంతా ప్రేమగా పిలుచుకునే గడ్డం వెంకటస్వామి యువకుడిగా ఉన్నప్పుడే రాజకీయాల్లోకి అరంగేట్రం చేశారు. అయితే ఆ జీవితం వడ్డించిన విస్తరి కాదు..ఎన్నో ఆటుపోట్లు చూశారు. ఒక సాధారణ కుటుంబం నుంచి స్వయం కృషితో అంచలంచెలుగా ఎదిగిన వ్యక్తి కాకా. వెంకటస్వామి తండ్రి హైదరాబాద్‌లోని తోప్‌ఖానా ప్రాంతంలో చిన్న మేస్త్రీ. నిజాం ప్రభుత్వం కోసం మందుగుండు తయారు చేసే ప్రాంతాన్ని తోప్‌ఖానా అనే వారు. అక్కడే పెరిగిన వెంకటస్వామి లాల్‌దర్వాజ ఆర్య సమాజ్ పాఠశాలలో ప్రాథమిక విద్య అభ్యసించారు. ఆయన మీద ఆర్య సమాజం ప్రభావం అధికం. ప్రాథమిక విద్య తర్వాత ఆయన వస్తానియా ఉర్దూ పాఠశాలలో చేరారు. ఆ నాటి సామాజిక పరిస్థితుల నేపథ్యం వెంకటస్వామిపై పడింది. ఆ రోజుల్లో ఒకవైపు ఆర్య సమాజం పోరాటాలు, మరోవైపు అప్పుడప్పుడే పునాదులు వేసుకుంటున్న స్టేట్ కాంగ్రెస్ కార్యకలాపాలు, మరోవైపు రజాకార్ల అఘాయిత్యాలు, కమ్యూనిస్టుల అజ్ఞాత విప్లవాలు... వీటి మధ్య ఆయన జీవితం సాగింది.


**రాజకీయ అరంగేట్రం:** పదిహేడేళ్ల వయసులో కాంగ్రెస్ వైపు కాకా ఆకర్షితులయ్యారు. నిజానికి అనాడు కాంగ్రెస్ సంస్థకు బాహటంగా పనిచేసే అవకాశం లేదు. అంతా అజ్ఞాత పోరాటమే. అయినా ఆ సంస్థలో చేరిన వెంకటస్వామి జయాపజయాలతో నిమిత్తం లేకుండా చివరిదాకా ఆ పార్టీలోనే కొనసాగారు. భారత స్వాతంత్ర్య పోరాటంలో పాల్గొని జైలుకు సైతం వెళ్లారు. హైదరాబాద్ రాష్ట్రంలో చిన్న వయస్సులోనే యూత్ కాంగ్రెస్ ప్రధాన కార్యదర్శి అయ్యారు. స్వామి రామానందతీర్థ, మాడపాటి రామచంద్రరావు వంటి వారితో సన్నిహితంగా మెలిగారు. 1949లో జరిగిన నాసిక్ కాంగ్రెస్ సమావేశాలు ఎంతో కీలకమైనవి. ఈ సమావేశాల కోసం హైదరాబాద్ స్టేట్ కాంగ్రెస్ 18 మంది ప్రతినిధులను ఎంపిక చేసింది. వారిలో వెంకటస్వామి కూడా ఉన్నారు. తర్వాత హైదరాబాద్‌లోనే నానల్ నగర్‌లో జరిగిన కాంగ్రెస్ సమావేశాల్లో కీలక పాత్ర పోషించి చక్రం తిప్పారు.

**కార్మిక నాయకత్వం..:** హైదరాబాద్ సంస్థానంలో తొలితరం కార్మికోద్యమ నేతలలో వెంకటస్వామి ఒకరు. ఆయన కార్మిక నేతగా ఆవిర్భవించిన తీరు ప్రత్యేకమైనది. 1949లో సర్దార్ పటేల్ చేతుల మీదుగా ఇండియన్ నేషనల్ ట్రేడ్ యూనియన్ (ఐఎన్‌టీయూసీ) ఆరంభమైంది. ప్రాంతీయ స్థాయిలో ఆ సంస్థకు వెంకటస్వామి ప్రధాన కార్యదర్శి బాధ్యతలు చేపట్టారు. కొద్ది కాలంలోనే 102 సంస్థలకు ఆయన నాయకుడుగా ఎన్నికయ్యారు. దాదాపు 50 కార్మిక సంఘాలను ఏర్పాటు చేశారు. జాతీయ స్థాయి గుడిసెవాసుల సంఘం వెంకటస్వామి ఆధ్వర్యంలోనే ఏర్పడింది. ఇవన్నీ ఆయనను మాస్ లీడర్‌గా నిలిపాయి. 1982 రాష్ట్ర రాజకీయ చరిత్ర ఒక మలుపు తీసుకున్నప్పుడు పీసీసీ నేతగా వెంకటస్వామి వ్యవహరించారు. ఈ సంవత్సరమే ఎన్టీఆర్ తెలుగుదేశం పార్టీని స్థాపించి తుఫాన్ వేగంతో రాష్ట్రంలో పర్యటించారు. కోట్ల విజయభాస్కర్‌రెడ్డి ముఖ్యమంత్రిగా ఉండగా అసెంబ్లీ ఎన్నికలు వచ్చాయి. ముఖ్యమంత్రితో వెంకటస్వామి మంచి సమన్వయం సాధించగలిగారు. అయితే ఆ ఎన్నికల్లో కాంగ్రెస్ పార్టీకి పరాజయం ఎదురైంది. సీమాంధ్రలో కకావికలమైన కాంగ్రెస్ పార్టీ తెలంగాణలో మాత్రం టీడీపీకి గట్టి పోటీ ఇవ్వగలిగింది. కాంగ్రెస్‌లో మామూలు కార్యకర్తగా జీవితం ప్రారంభించిన వెంకటస్వామి చివరకు పార్టీ అత్యున్నత విధాన నిర్ణాయక విభాగం కాంగ్రెస్ వర్కింగ్ కమిటీ సభ్యులుగా కూడా ఎన్నికై పలు కీలక నిర్ణయాల్లో భాగస్వాములయ్యారు. సీతారాం కేసరి తర్వాత (1996)లో కాంగ్రెస్ అధ్యక్ష పదవిని చేపట్టే అవకాశం ఆయనకు కొద్దిలో తప్పింది.

**1953లోనే జై తెలంగాణ నినాదం..:** వెంకటస్వామి తొలి నుంచి తెలంగాణ వాది. నిర్బంధాలున్నా ఆయన ఏనాడు వెనుకంజ వేయలేదు. 1953లో నాటి ప్రధాని నెహ్రూ హైదరాబాద్ వచ్చినప్పుడు పలువురితో కలిసి జై తెలంగాణ అని నినదించిన ఘనత కాకాది. 1969లో పోలీసు కాల్పుల్లో బులెట్ దెబ్బ తిన్న ఏకైక రాజకీయ నాయకుడు కాకానే.

**ఎన్నో ఎన్నికలు...:** 1957లో ఆదిలాబాద్ జిల్లా సిర్పూర్ కాగజ్‌నగర్ నుంచి కాంగ్రెస్ పార్టీ అభ్యర్థిగా పోటీ చేసిన కాకా మొట్టమొదటి సారిగా ఎమ్మెల్యే అయ్యారు. తరువాత మెదక్ పార్లమెంట్ అభ్యర్థిగా గెలుపొందిన వెంకటస్వామి, తర్వాత పెద్దపల్లి పార్లమెంట్ స్థానం నుంచి 1989, 1991, 1996 ఎన్నికల్లో వరుస విజయాలు సాధించారు. 1996లో కేంద్రంలో జౌళిశాఖ మంత్రిగా కూడా పని చేశారు. 1998,1999లో జరిగిన ఎన్నికల్లో పెద్దపల్లి పార్లమెంట్ నుంచి పోటీ చేసి టీడీపీ అభ్యర్థి సుగుణకుమారిపై ఓటమి పొందిన కాకా ఆ తర్వాత 2004 ఎన్నికల బరిలో నిలిచి 2లక్షల60 వేల ఓట్ల భారీ మెజార్టీతో గెలిచారు. 2004లో యూపీఏ ప్రభుత్వం అధికారంలోకి రావడంతో లోక్‌సభ ఉపనాయకుడిగా వ్యవహరించారు. వయోభారం కారణంగా 2009లో కుమారుడు డాక్టర్ వివేక్‌ను పోటీకి దింపి గెలిపించారు.

**ఇందిరాగాంధీ వెంట..:** జాతీయ రాజకీయాలలో వెంకటస్వామి ఎల్లవేళలా ఇందిర వెంటే ఉన్నారు. 1977 ఎన్నికల్లో కాంగ్రెస్ పార్టీ ఓటమితో ఇందిరపై విమర్శలు వెల్లువెత్తాయి. 1978లో కాంగ్రెస్ చీలిపోయింది. ఆ సమయంలో కూడా వెంకటస్వామి ఇందిర విధేయునిగా ఉన్నారు. ఇందిర అనంతరం రాజీవ్‌గాంధీ



thearyasamaj.org

वर्ष २००८ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवीसिंह पाटीलजी के साथ श्री जी. वेंकटस्वामी तथा स्वामी अग्निवेश व सभा प्रधान विट्ठलरावजी आर्य।



निचले चित्रों में संत श्रीश्री रविशंकरजी के साथ श्री वेंटस्वामीजी स्वामी, स्वामी अग्निवेशजी व अन्य लोग देखे जा सकते हैं।







thearyasamaj.org



# 'एक दलित बन्धु की बारात में एक सुप्रसिद्ध आर्य संन्यासी'

मनमोहन कुमार आर्य, देहरादून

महाभारत काल तक हमारे देश में गुण–कर्म–स्वभाव पर आधारित वर्ण (selection) व्यवस्था थी। महाभारत काल के बाद मध्यकाल के दिनों व उससे कुछ समय पूर्व इस व्यवस्था ने जन्म पर आधारित जाति व्यवस्था का रूप ले लिया। इस व्यवस्था में ही मनुष्य–मनुष्य के बीच छुआछूत आदि का प्रचलन भी हुआ। महर्षि दयानन्द ने नयी जाति या वर्ण व्यवस्था को मरण व्यवस्था नाम दिया और इसे समाप्त करने का प्रयास किया। उन्हें इसमें आंशिक सफलता भी मिली है। परन्तु आज भी यह हानिकारक जन्म पर आधारित जाति व्यवस्था समाप्त नहीं हुई है। अब से 50 – 100 वर्ष पूर्व यह बहुत अधिक विकराल रूप में देश में भी। आर्य समाज ने इसके उन्मूलन में सराहनीय कार्य किया है। इस लेख में हम एक आर्य समाज के अनुयायी दलित बन्धु के विवाह की प्रेरणाप्रद घटना प्रस्तुत कर रहे हैं जिसका अपना विशेष महत्व है।

आर्य जगत के वयोवष्द्ध व ज्ञानवष्द्ध विद्वान प्रा. राजेन्द्र जिज्ञासु सन् 1975 में अहमदाबाद गये। इस अवसर पर वहां उन्होंने साबरमति आश्रम देखा। इस आश्रम में गांधी जी ने अपने हाथों से सूत कात कर अपने सबसे पहले हरिजन साथी को एक कुर्ता सिलवा कर दिया था। यह कुर्ता साबरमति आश्रम में गांधी जी के प्रयोग में आई वस्तुओं के साथ में रखा हुआ है। जिज्ञासु जी ने जब इस कुर्ते को देखा तो उन्हें यह बहुत अच्छा लगा। **उनके मन में विचार आया कि आर्य जगत के ज्ञानी, त्यागी, तपस्वी व देश–धर्म–संस्कषति भक्त स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी ने दलितोद्धार के लिए प्रशंसनीय कार्य किया था। उनके प्रथम दलित शिष्य भक्त का पता लगाना चाहिये।** वह उसकी खोज में निकल पड़े। पंजाब में **रामा मण्डी** गये। वहां महाशय निहालचन्द जी से इस बारे में प्रश्न किया। **उन्होंने बताया कि जिस श्री किशन सिंह के विवाह की घटना उन्होंने "प्रेरणा कलश" में दी थी, वही स्वामी जी का पहला दलित शिष्य था।**

श्री निहाल सिंह और प्रा. जिज्ञासु जी की बातचीत में यह तथ्य सम्मुख आये कि श्री निहाल सिंह, श्री अजीत सिंह 'किरती' तथा श्री किशन सिंह सहोदर भाई न होकर एक गुरू के शिष्य होने के कारण परस्पर भाई थे। श्री किरती एक जाट परिवार में जन्में थे और श्री किशन सिंह एक दलित परिवार में। किशन सिंह जी का विवाह निश्चित हो गया था। सब आर्य युवकों की एक बैठक हुई। बैठक में विचार हुआ कि विवाह संस्कार व बरात आदि की ऐसी व्यवस्था हो कि कन्या पक्ष के गांव में आर्य समाज की अच्छी धाक व छाप पड़े। इसके लिए एकमत से निर्णय हुआ कि स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी को बरात में ले जाया जाये। स्वामी जी के बरात में जाने से वैदिक धर्म के विचार व सिद्धान्त वधू पक्ष के गांव में पहुंच जायेंगे। बैठक के लोगों ने अजीत किरती जी को स्वामीजी को बरात में चलने के लिए राजी करने का काम सौंपा। किरती जी ने स्वामीजी को जब बरात में चलने के लिए कहा तो स्वामीजी ने समझाया कि साधू संन्यासियों को बरात में ले जाना अच्छा नहीं लगता। मैं बरात में नहीं चलूंगा। **जिन दिनों की यह घटना है, उन दिनों इस प्रकार की बैठक का होना तथा इस प्रकार का कार्यक्रम बनाना एक बहुत बड़ी क्रान्ति थी। एक दलित भाई के विवाह में जाट, बनिये, ब्राह्मण, खत्री आदि मिलकर बरात की रूप रेखा तय कर रहे थे। यह भी अनोखा ही कार्य था कि एक दलित बन्धु के विवाह में सभी बिरादरियों के युवक प्रसन्नता व उत्साह पूर्वक भाग लें। ऐसा इससे**

thearyasamaj.org

**पूर्व कभी देखा नहीं गया था।** किरती जी ने जब बैठक को सूचित किया कि स्वामी जी बरात में जाने के लिए सहमत नहीं हैं तो सबने एकस्वर से उन्हें कहा कि स्वामीजी को बता दें कि यदि वह बरात में नहीं जायेंगे तो श्री किशन सिंह का विवाह नहीं होगा। किरती जी ने जब स्वामी जी को यह सूचना दी तो स्वामी जी विचार करने लगे कि यदि शादी न हुई तो कन्या को सारे जीवन में घर में बैठना होगा। कौन उससे विवाह करेगा? **कन्या के भावी जीवन की कल्पना कर स्वामीजी चिन्तित हो गये।** उन्होंने किरतीजी को कहा कि **"अच्छा! मैं बरात में तो चलूंगा परन्तु वहां केवल पांच मिण्ट ही रहूंगा, इससे अधिक देर नहीं रूकूंगा।"** रामा मण्डी के युवक मण्डल ने स्वामीजी की बात मान ली। उन दिनों में रामामण्डी में ऊंट ही यातायात का साधन था। बरात का दिन आ गया। स्वामी जी के लिए बारात के दिन एक ऊंट को सजाया गया। कन्या पक्ष को स्वामी जी के बरात में आने की सूचना दी जा चुकी थी जिसे सुन कर वहां के लोग अत्यन्त खुश थे। देश–विदेश में विख्यात वेदों के एक विद्वान संन्यासी का बरात में जाना कोई साधारण बात नहीं थी। बरात के दिन स्वामीजी ने ऊंट पर बैठना तो स्वीकार नही किया। वह पैदल ही कन्या पक्ष के गृह स्थान की ओर चल पड़े। उनके सम्मान मे अन्य सभी बराती भी ऊंटों को साथ लेकर पैदल ही कन्या पक्ष के घर पर जा पहुंचे।

**इतिहास की अपने प्रकार की यह एक निराली घटना थी जिसमें एक प्रसिद्ध, तेजस्वी, प्रतापी, बाल ब्रह्मचारी संन्यासी सम्मिलित हुआ। शिष्यों ने गुरू को मनाया और गुरू ने शिष्यों का प्रेम व श्रद्धा से सिक्त आग्रह स्वीकार किया।** इस बारात के स्वागत के लिए कन्या पक्ष का सारा ग्राम उमड़ पड़ा था। वहां स्वामी जी को एक बड़े पंलग पर बैठाया गया। स्वामीजी पैर नीचे लटकाकर पलंग पर बैठ गये। आपने दोनों पक्षों के लोगों को 5 मिन्ट तक गष्हस्थ जीवन के कर्तव्यों पर सारगर्भित उपदेश दिया और इसके बाद वापिस अपने स्थान पर लौट आये। स्वामीजी ने उपदेश के अन्त में जो शब्द कहे वह थे – **"यही धर्म है। यही मर्यादा है। यही सनातन वैदिक रीति है। अब तुम्हारी बिरादरी के मनोरंजन की वेला है।"** आर्य जगत के शीर्ष विद्वान प्रा. जिज्ञासु जी ने अपनी स्मषतियों की यात्रा पुस्तक में इस घटना को देकर लिखा है कि इस घटना की खोज पर उन्हें बड़ा गौरव है। श्री महाशय निहालचन्द जी व अन्य कर्मवारों से जुड़ा यह संस्मरण उनके लिए अविस्मरणीय है। वे लोग क्रान्ति करते हुए 'प्रेम माला में सबको पिरोते गये।' आगे उन्होंने लिखा है कि आरक्षण के बीच में आरक्षण देश को डुबो के न रख दे। युवको! चेतों! यह घटना आज भी प्रासंगिक है। इतने वर्षों बाद भी समाज में उन्नति की जगह अवनति ही देखने को मिल रही है। इसके अनेक कारण हैं जिन पर विचार कर उनका निराकरण करना है अन्यथा यह देश के लिए घातक हो सकता है। हम इस घटना को प्रकाश में लाने के लिए प्रा. राजेन्द्र जिज्ञासु जी का आभार व्यक्त करते हैं। आर्य समाज ने दलितोद्धार का कार्य सन् 1875 में सत्यार्थ प्रकाश के प्रकाशन से ही आरम्भ कर दिया था।

स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी के दलितोद्धार पर प्रा. राजेन्द्र जिज्ञासु रचित कुछ पंक्तियों को प्रस्तुत कर लेख को विराम देंगे। जिज्ञासु जी ने लिखा है–**"करूणाा–सिन्धु दयानन्द के शिष्य स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी महाराज को भी छूतछात, जाति–भेद व ऊंच–नीच के भद्दे भाव बहुत अखरते थे। इन बुराइयों के विरूद्ध वे जी–जान से लड़े। वैदिक धर्म किसी वर्ग–विशेष के लिए नहीं है। प्रभु की पवित्र वेदवाणी मानवमात्र के लिए है। अस्पष्श्यता–निवारण के लिए आपने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल व जम्मू–कश्मीर में बड़ा संघर्ष किया। जम्मू में जान जोखिम में डालकर दलित भाइयों की सेवा की। किसी भी राजनैतिक दल ने दलितों के लिए कभी भी कोई बलिदान नहीं दिया। आर्यवीर रामचन्द्र जी ने जम्मू में दलितोद्धार के लिए महा–बलिदान दिया। उस वीर के बलिदान के समय आर्यों पर बड़े अत्याचार किए गए। तब जान जोखिम में डालकर आजन्म ब्रह्मचारी स्वामी स्वतन्त्रानन्द सीना तानकर जम्मू राज्य में**

thearyasamaj.org

कए। महात्मा हरिराम जी व श्री अनन्तराम सरीखे आर्यों को साथ लेकर पूज्य स्वामी जी ने पोंगापंथियों पर विजय पाई। दलितों की रक्षा व उत्थान के लिए जो कार्य स्वामी जी ने किया, उसको शब्दों में बता पाना कठिन है। दलितोद्धार के लिए श्री महाराज एक बात कहा करते थे कि यदि इनको आर्थिक उद्धार हो जाए तो अन्य बुराइयां दूर करना इतना कठिन नहीं। जब दीनबंधु महात्मा फूलसिंह ने नारनौंद में दलितों के लिए कुएं खुलवाने के लिए ऐतिहासिक मरणव्रत रखा, तो सारे देश का ध्यान आर्य नेता महात्मा फूलसिंह की सतत ससाधना पर केन्द्रित हो गया। गांधी जी भी भक्त फूलसिंह जी के महाव्रत से बड़े प्रभावित हुए थे। तब हमारे पूज्य स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी ने हरियाणा के गांव–गांव में घूमकर वातावरण को अनुकूल बनाया, जनजागषति पैदा की और चौयधरी छोटूराम का भी सहयोग प्राप्त किया। वोट–नोट की राजनीति करने वाले भला वीर रामचन्द्र व भक्त फूल सिह के बलिदान की चर्चा क्यों करें? स्वामी स्वतन्त्रता ने दलितोद्धार के जो कार्य किए यह तो उनका संकेत मात्र है।"


हमारे इन स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी का जन्म लुधियाना जिले के मोही ग्राम के एक प्रतिष्ठित सिख जाट परिवार में जनवरी, 1877 में हुआ था। आप कुछ समय तक अद्वैतवाद की विचारधारा से प्रभावित रहे और बाद में आर्य समाज के अनुयायी बने। आप सन् 1939 में हैदराबाद में चलाये गये आर्य सत्याग्रह के फील्ड मार्शल बनाये गये थे। आपका शौर्य और सूझबूझ ने हैदराबाद के निजाम को झुका कर उससे हिनदुओं के धार्मिक कृत्यों पर प्रतिबन्ध को समाप्त करने की अपनी मांगे मनवाई थी। 29 मार्च सन् 1941 को मुस्लिम रियासत लोहारू में आर्य समाज के उत्सव की शोभा यात्रा में विधर्मियों ने 65 वर्षीय इस संन्यासी के शिर पर कुल्हाड़े व लाठियों आदि का प्रहार कर घायल कर दिया था। शिर से रक्त बह रहा था। इसी अवस्था में आप लोहारू से रेल द्वारा दिल्ली पहुंचे जहां इरविन अस्पताल में आपने उपचार कराया। आपके शिर में अनेक टांके लगे। आपने बिना क्लोरोफार्म सूंघे ही टांके लगवाकर अपने ब्रह्मचर्य एवं योग बल का परिचय देकर सभी डाक्टरों को आश्चर्य में डाल दिया था। महर्षि दयानन्द से प्रेरणा आपने और महर्षि दयानन्द के सभी सैनिक अनुयायियों ने दलितोद्धार का अविस्मरणीय ऐतिहासिक कार्य किया है। इन्हीं शब्दों के साथ हम लेख को विराम देते हैं। **—मनमोहन कुमार आर्य**

---

## आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से श्री राजसिंहजी को विनम्र श्रद्धांजलि।

### युवा वैदिक विद्वान्, आर्यजगत् के विख्यात कर्मठ आर्यनेता, प्रेरक

# ब्र. राजसिंह आर्य जी का आकस्मिक निधन



### देश-विदेश से शोक-संवेदनाएं : सम्पूर्ण आर्य जगत् में शोक की लहर

### नेत्रदान का संकल्प पूर्णकर दो आँखों को दी नई दुनिया

thearyasamaj.org

# 'गुरूकुल शिक्षा का उद्देश्य वेद प्रचारक वैदिक विद्वान बनाना है'

सषष्टि के आरम्भ से जो गुरूकुल वा विद्यालयीय शिक्षा आरम्भ हुई और महाभारत काल व उसके अनेक वर्षों बाद तक सफलतापूर्वक चली, वह निश्चित ही गुरूकुलीय शिक्षा प्रणाली थी। आजकल की विद्यालयीय शिक्षा में विद्यार्थी अपने परिवार और विद्यालय के बीच में फंसा रहता है। उसकी सर्वांगीण शारीरिक व आत्मिक उन्नति नहीं हो पाती। उसका मन व ध्यान अपनी शिक्षा के साथ घर व समाज की समस्याओं में उलझा रहता है जो कि उसके आध्यात्मिक व इतर विषयों के ज्ञान की प्राप्ति में जटिलतायें उत्पन्न करता है। सषष्टि के आदि में अमैथुनी सषष्टि में उत्पन्न सभी मानवों के जीवन निर्वाह के लिए चार वेदों ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद का ज्ञान चार ऋषियों अग्नि, वायु, आदित्य व अंगिरा को सषष्टिकर्त्ता–नियन्ता ईश्वर से प्राप्त हुआ। यह अग्नि, वायु, आदित्य व अंगिरा चार मनुष्यों वा ऋषियों के नाम हैं न कि आग, हवा, सूर्य और अग्नि आदि पदार्थों या उनके किसी अवयव के। यह वेद सभी सत्य विद्याओं की पुस्तकें हैं। यह वेद ईश्वर प्रदत्त इस कल्प का पहला व आखिरी ज्ञान है। इसके बाद ईश्वर ने किसी को वेद से भिन्न कोई ज्ञान नही दिया। यदि कोई मानता है तो यह उनका अज्ञान, अविद्या व स्वार्थ है। वेदों के अध्ययन से मनुष्य सभी आध्यात्मिक एवं लौकिक विद्याओं को जानने में समर्थ होता है। कुछ शेष बचता ही नहीं है। सषष्टि के आदि से महाभारत काल तक की अवधि 19,60,848 हजार वर्ष होती है। महाभारत काल के बाद शिक्षा की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वैदिक मत अनेक प्रकार की विकषतियों को प्राप्त हुआ। विगत लगभग 5,115 वर्षों में समय–समय पर मूर्तिपूजा, अवतारवाद, फलित ज्योतिष, यज्ञों में पशु हिंसा, मांसाहार, जन्मना जातिवाद, छुआछूत, स्त्री–शूद्रों के वेद एवं अन्य विषयों के अध्ययन पर प्रतिबन्ध, सतीप्रथा, बाल विधवाओं सहित सभी विधवाओं के पुनर्विवाह पर प्रतिबन्ध, गुरूडम आदि अवैदिक परम्पराओं एवं अनेक मत–मतान्तरों का प्रचलन हुआ। शिक्षा की गुरूकुलीय व्यवस्था धीरे–धीरे समाप्त हो गई। उसके स्थान पर कुछ पठित ब्राह्मणों द्वारा आजीविका के लिए ब्राह्मण बच्चों सहित कुछ क्षत्रिय तथा वैश्यों के बच्चों को वेदेतर ग्रन्थों का अध्ययन कराया जाता था। इस अध्ययन में मुख्यतः संस्कष्त भाषा का ज्ञान कराना ही लक्ष्य था। ब्राह्मणेतर विद्यार्थियों को धर्म शास्त्र का अध्ययन करने की सुविधा नहीं थी। क्षत्रिय व वैश्य परम्परा से अपने पारिवारिक जनों से शस्त्र विद्या, कषषि कार्य, व्यापार आदि का कार्य सीखते रहे और ब्राह्मण लोग अपने पठित अग्रजों से संस्कष्त व पुराणों आदि का अध्ययन कर अवैदिक पौराणिक विद्वान बनने लगे।

उन्नसवीं शताब्दी में वेदों के अपूर्व विद्वान महर्षि दयानन्द सरस्वती (1825–1883) का प्रादुर्भाव होता है। वह देखते हैं कि भारत सहित संसार में सर्वत्र अविद्या, अशिक्षा, अज्ञान, अन्ध ाविश्वास व पाखण्डों आदि का बोलबाला है। यह सब बातें इस शाश्वत् नियम कि अविद्या का नाश और विद्याा की वृद्धि करनी चाहिये, को भूलने और उसका समाज में व्यवहार न होने के कारण हुई थी। महर्षि दयानन्द देशवासियों का वेद और वेद विद्या की ओर लौटो का नारा देते हैं। वेद विद्या के पुनरूद्धार और अज्ञान व अन्ध विश्वासों को नष्ट करने के लिए वह संस्कृत पाठशालायें व गुरूकुल खोलने की प्रेरणा करते हैं। वह स्वयं भी कई संस्कृत पाठशालायें खोलते हैं जो उस अवैदिक वातावरण में योजना के उद्देश्य व महत्व को न समझने के कारण सफल नहीं हो सकीं। सन् 1883 में उनकी मृत्यु के बाद उनके प्रमुख शिष्य महात्मा मुंशीराम जो बाद स्वामी श्रद्धानन्द के

thearyasamaj.org

नाम से प्रसिद्ध हुए, मार्च 1902 में हरिद्वार के कांगड़ी ग्राम में एक गुरूकुल खोलते है। जहां वेदों एवं वैदिक शास्त्रों के अनेक प्रख्यात विद्वान तैयार होते हैं और उससे विश्व में वेद विद्या और योग आदि का प्रचार होता है।

महर्षि दयानन्द की प्रेरणा से आर्य समाज व स्वामी श्रद्धानन्द जी का गुरूकुल खोलने के पीछे क्या कारण था? वह कारण था देश व समाज से अविद्या व अज्ञान को मिटाना। अज्ञान मिटेगा तो ज्ञान का प्रकाश होगा। हर व्यक्ति की योग्यता का विकास होगा और वह देश व समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभायेगा। ज्ञानी होने से रोजगार तो उसे स्वतः मिलेगा। ज्ञानी व्यक्ति अकर्मण्य नहीं होता और शिक्षित व कर्मण्य व्यक्ति के पीछे रोजगार स्वतः ही आयेंगे, विचार व चिन्तन करने पर यह तर्क संगत उत्तर मिलता है बशर्ते कि समाज में अविद्या, पक्षपात, हठ, दुराग्रह आदि दुर्गुण न हो। इन दुगुर्णो का निराकरण भी ज्ञान के प्रचार व प्रसार तथा व्यवस्था की खामियों को दूर करने से होगा जिसे गुरूकुलों के आचार्यों के स्नातक विद्वान ब्रह्मचारी ही कर सकते हैं। हमारा यह भी मानना है कि गुरूकुल के संस्कष्त व्याकरण सहित वेद व वैदिक साहित्य पढ़े हुए स्नातक अच्छे शिक्षक बन सकते हैं तथा यथार्थ धर्माचार्य, पुरोहित व पत्रकार आदि भी। शिक्षक समाज में सबसे अधिक सम्मानित व वरेण्य होता है। वह दूसरे अज्ञानियों को शिक्षित करेगें तो उन आचार्यों के शिष्यों द्वारा उनकी श्रद्धापूर्वक सेवा तो की ही जायेगी। जो स्नातक ब्रह्मचारी किसी कारण पूर्णकालिक वेद सेवा व शिक्षा आदि का कार्य न कर सरकारी नौकरी आदि करना चाहें तो वह अध्ययन समाप्ति के बार कुछ समय तक लौकिक ज्ञान का अध्ययन कर अपेक्षित नौकरी प्राप्त कर लें परन्तु आचार्य ऋण से उऋण होने के लिए उन्हें भी वेदोपदेशक व शिक्षक आदि बनना ही चाहिये अन्यथा वह अपने गुरू के प्रयासों, शिक्षण, तप व पुरूर्षाथ के अनुरूप कार्य न करने के दोषी होंगे।

जब हम शिक्षा और रोजगार विषय पर विचार करते हैं तो पाते हैं कि हमारे बड़े-बड़े विद्वानों ने अच्छी नौकरियां मिलने पर भी उनका त्याग कर दिया था। इस श्रंष्खला में हम महात्मा मुंशीराम जो सन्यास लेकर स्वामी श्रद्धानन्द बनें, पं. गुरूदत्त विद्यार्थी, महात्मा हंसराज (डी.ए.वी. स्कूल के संस्थापकों में प्रमुख), पं. लेखराम व ऐसे अनेक नाम हैं। हमारे यहां ऐसे भी अनेक लोग हो गये हैं जो बहुत अधिक व्यवसायिक शिक्षा पढ़े लोग नहीं थे परन्तु उन्होंने व्यवसाय में बहुत ऊंचाईयों को छुआ है और लाखों शिक्षितों को रोजगार दिया है। स्वामी रामदेव, आचार्य बालकष्ण (पंतजलि योगपीठ वाले), महाशय धर्मपाल (एम.डी.एच. मसाले वाले), श्री सत्यानन्द मुंजाल (हीरो मोटरसाईकिल्स वाले), श्री धीरूभाई अंबानी आदि। इसका अर्थ यह हुआ कि धनवान बनने के लिए किसी विशेष प्रकार की पढ़ाई की ही आवश्यकता नहीं है। इसमें प्रारब्ध और इस जन्म के पुरूषार्थ के साथ अर्जित ज्ञान का महत्व होता है। अतः गुरूकुल में वेद और वैदिक साहित्य जिसमें आर्ष व्याकरण भी सम्मिलित है, का अध्ययन करने वाला भी अपने पुरूषार्थ व इच्छा शंक्ति से शिक्षा, धर्म, राजनीति, उद्योग, व्यापार, कषि, प्रशासन आदि में अपने ज्ञान व अन्य क्षमताओं के आधार पर सुदष्ण व सुस्थिर स्थान बना सकता है। हमें इस बात पर ध्यान न देकर कि शिक्षा रोजगारपरक हो, यह ध्यान देना है कि शिक्षा से मनुष्य की समुचित शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक, आत्मिक उन्नति हो। जब यह सब उन्नतियां होगीं तो हमारा अनुमान है कि प्रारब्ध और पुरूषार्थ का संयोग होने पर आर्थिक और सामाजिक उन्नति भी अवश्य ही होगी। गुरूकुल मे वेद संबंधी अध्ययन करने के बाद व्यक्ति शिक्षक, पुरोहित, उपदेशक, नाना प्रकार के व्यवसाय आसानी से कर सकता है। आजकल कक्षा 10 व्यक्ति ही हिन्दी और साधारण अंग्रेजी व कम्प्यूटर आदि के ज्ञान से एक क्लर्क की नौकरी प्राप्त कर लेता है और लगभग बीस हजार या इससे अधिक रूपये मासिक धन कमाता

thearyasamaj.org

है। क्या गुरूकुल का विद्वान इतनी योग्यता अर्जित नहीं कर सकता कि वह अपने अध्ययन के बाद कुछ माह व वर्ष अंग्रेजी व कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण प्राप्त कर ले और वेद प्रचार और अन्य रोजगार भी करे? हमें तो यह लगता है कि गुरूकुल का सुयोग्य स्नातक वह सभी कार्य कर सकता है जिसकी वह इच्छा करे, आवश्यकता केवल दष्ण इच्छा शक्ति व संकल्प की है। अतः गुरूकुल में अध्ययन के दौरान उसे व्याकरण और वेद विषयों का अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने का प्रयास करना चाहिये। शिक्षा पूरी करने के बाद वह आचार्य ऋण से उऋण होने के कार्य के साथ जिस प्रकार का कार्य या सेवा करना चाहता है उसका निर्धारण कर उसके लिए आवश्यक ज्ञान व प्रशिक्षण कुछ माह, एक वर्ष या कुछ अधिक में प्राप्त कर ले।

उपसंहार में हम कहना चाहते हैं कि गुरूकुल का उद्देश्य आदर्श वेद प्रचारक वा वेदोपदेशक बनाना है जो संसार की विभिन्न भाषाओं में उपयोगी व प्रासंगिक वैदिक साहित्य तैयार करें और सारी दुनियां वेदों की क्रान्ति कर दें। यदि गुरूकुलों के विद्यार्थी सरकारी नौकरी ही करने के लिए गुरूकुल में पढ़ेगें तो आर्य समाज को प्रचारक, उपदेशक, शास्त्रार्थ महारथी, विद्वान, पुरोहित, धर्माचार्य, वेदज्ञ विद्वान नहीं मिलेंगे जिससे महर्षि दयानन्द का वेद प्रचार का आन्दोलन स्वतः समाप्त व अप्रासंगिक हो जायेगा। हमारा यह भी मानना हैं कि गुरूकुलों में ब्रह्मचारियों की संख्या सीमित होनी चाहिये। आजकल के गुरूकुलों में ब्रह्मचारियों की भरमार है जिससे उनकी शारीरिक व आत्मिक उन्नति अपेक्षानुसार नहीं हो पा रही है। स्वामी श्रद्धानन्द भी गुरूकुल में ब्रह्मचारियों की सीमित संख्या के पक्षधर थे परन्तु गुरूकुल कांगड़ी में उनकी इस विषय में इच्छा चल न सकी। गुरूकुल में उन बच्चों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिये जिनका उद्देश्य अध्ययन के बाद नौकरी करना न होकर आर्य समाज व वेद की सेवा करना हो। गुरूकुल कांगड़ी के प्रसिद्ध स्नातक व वेदभाष्यकार विद्वान आचार्य डा. रामनाथ वेदालंकार ने अपनी छोटी उम्र में स्वामी श्रद्धानन्द जी को पत्र लिखकर उनसे परामर्श मांगा था जिसके उत्तर में स्वामीजी ने उन्हें लिखा था कि खूब दूध पीओ व फल खाओ, शारीरिक उन्नति कर बलवान बनों, खूब पढ़ों और हो सके तो स्नातक बन कर कुलमाता की सेवा करना। आचार्य रामनाथ जी ने स्वामीजी का यह आदेश शिरोधार्य कर आजीवन गुरूकुल माता की सेवा की और विशिष्ट सामवेद भाष्य सहित प्रभूत वैदिक साहित्य का प्रणयन किया। गुरूकुल में यदि वेद सेवा करने वाले बच्चों को ही पढ़ाया जायेगा तो इससे यह लाभ भी होगा कि दान से मिलने वाले साधनों का उन बच्चों पर अपव्यय नहीं होगा जो धर्म सेवा न कर अपना सारा जीवन धन कमाने में लगाना चाहते हैं। दान का सदुपयोग तभी हो सकता है जब गुरूकुल शिक्षा में दीक्षित विद्वान सरकारी नौकरी आदि न कर आर्य समाज और वेदों की सेवा करे। ऐसे लोगों के लिए तो सरकारी स्कूल व डीएवी कालेज व निजी विद्यालय हैं हीं। हमारे गुरूकुलों को मदरसों से भी शिक्षा लेनी चाहिये जहां बच्चे रोजगार के लिए अध्ययन नहीं करते।

हम समझते हैं कि गुरूकुलों का उद्देश्य आर्य समाज के वेद प्रचार आन्दोलन में सहायक होना है। इसके लिए वेद एवं वैदिक साहित्य के विद्वानों की आवश्यकता है जिन्हें संसार की लगभग 7 अरब से अधिक जनता में वेदों का सन्देश पहुंचा है। यदि गुरूकुलों में अध्ययनरत ब्रह्मचारी अध्ययनोपरान्त वेद प्रचार का कार्य छोड़कर सरकार या निजी क्षेत्र में रोजगार ढूंढते हैं तो हमे लगता है कि गुरूकुल का उद्देश्य विफल हो जाता है। हमारा ध्यान श्रेष्ठ वैदिक विद्वान, मधुभाषी वक्ता वा उपदेशक तथा अनेक भाषाओं के ज्ञाता, वेद भाष्यकार आदि बनाने पर केन्द्रित होना चाहिये। यदि इसमें हम सफल होते हैं तो गुरूकुल और आर्य समाज दोनों सफल कहे जायेंगे और यदि ऐसा नहीं होता तो फिर गुरूकुलों की प्रासंगिकता पर पुनः विचार करना होगा।

मनमोहन कुमार आर्य

thearyasamaj.org

# రైతుల ఆత్మహత్య కలవరపెట్టే అంశం

- నివారణకు శాశ్వత చర్యలు చేపట్టాలి
- తెలంగాణ ప్రభుత్వం ప్రాధామ్యాలను తెల్చుకోవాలి
- మోదీత్వం మంచిది కాదు..
- తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక వార్షికోత్సవంలో స్వామి అగ్నివేశ్

ఈనాడు - హైదరాబాద్



తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక రాష్ట్ర ఐదవ మహాసభలో ప్రసంగిస్తున్న స్వామి అగ్నివేశ్. వేదికపై ఆచార్య కోదండరాం, జస్టిస్ సుదర్శన్‌రెడ్డి, చుక్కా రామయ్య తదితరులు

రైతు ఆత్మహత్యలను నివారించడానికి తెలంగాణ ప్రభుత్వం తక్షణం చర్యలు తీసుకోవాలని, ఈ అంశం అత్యంత కలవరపెట్టే అంశమని ప్రముఖ సామాజికవేత్త స్వామి అగ్నివేశ్ అన్నారు. ప్రాధామ్యాలను నిర్ణయించుకోవడంలో ప్రభుత్వం జాగ్రత్తలు తీసుకోవాలంటూ చిత్రనగరాలను నిర్మిస్తామని, మరేదో నిర్మిస్తామని చెబుతున్నారని వీటితో రైతు ఆత్మహత్యలు ఆగుతాయా..? అని ప్రశ్నించారు. శనివారమిక్కడ ఇందిర ప్రియదర్శిని ఆడిటోరియంలో తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక ఐదో వార్షికోత్సవం జరిగింది. వార్షికోత్సవానికి విశిష్ట అతిథిగా హాజరైన స్వామిఅగ్నివేశ్ మాట్లాడుతూ తెలంగాణ ఉద్యమ ప్రస్థానం తనకు తెలుసునని, తాను సిద్దిపేట, వరంగల్ సహా అనేక సభల్లో పాల్గొన్నానని చెప్పారు. తెలంగాణ ప్రత్యేక రాష్ట్ర స్వప్నం సాకారమైన సందర్భంలో ఆచార్య కొత్తపల్లి జయశంకర్ జీవించి ఉంటే బాగుండేదన్నారు. తెలంగాణ ప్రభుత్వం ప్రస్తుతం చేపడుతున్న కార్యక్రమాలు బాగానే ఉన్నాయని, కానీ మరింత జాగ్రత్తగా కార్యక్రమాలు రూపొందించాలన్నారు.

పెద్దవాళ్ల పిల్లలు సర్కారు బళ్లలో చదివితే అవి బాగుపడతాయి. ప్రస్తుత విద్యా వ్యవస్థలో సంస్కరణలు అవసరమని అగ్నివేశ్ అభిప్రాయపడ్డారు. సర్కారీ బళ్లలో చదువు చెప్పే ఉపాధ్యాయులు తమ పిల్లలను సర్కారీ బళ్లలోనే చదివించాలని, ముఖ్యమంత్రి కేసీఆర్, మంత్రులు, ఐఏఎస్, ఐపీఎస్ అధికారులు తమ పిల్లలను సర్కారీ బళ్లలో చేర్పిస్తే రాత్రికిరాత్రే ఆ బళ్లు మెరుగవుతాయన్నారు. ప్రధాని మోదీ మొత్తం ప్రభుత్వాన్ని, పాలనను తన చుట్టే తిప్పుకుంటున్నారని, మోదీతత్వం మంచిదికాదని, వ్యక్తిపూజా వ్యవస్థ తిరగడం సరికాదన్నారు. ఇటీవల ఆర్ఎస్ఎస్ చీఫ్ మోహన్‌భగవత్ పుట్టిన ప్రతి ఒక్కరూ హిందువేనని అంటే ఎంఐఎం అధినేత అసదుద్దీన్ ఒవైసీ ముస్లింగానే జన్మిస్తారని చెప్పడం సరికాదన్నారు. తొలుత మనిషిని మనిషిగా గుర్తించాలని, అది మరిచిపోయి హిందూ ముస్లిం అంటూ నాటకాలాడటం సరికాదన్నారు. కనిపించని దేవుళ్ల కోసం రూ.లక్షలకు లక్షలు ఖర్చు చేస్తున్నారని, అదే కనపడుతున్న అనాథలకు, పేద పిల్లలకు కనీసం కొన్ని పాలు పోయడం లేదని, అంధ విశ్వాసాలు సమాజానికి మంచిదికాదన్నారు. దీనిని పీకే సినిమాలో అద్భుతంగా చూపించారని, వీలైతే అందరూ ఆ సినిమాచూడాలన్నారు. కార్యక్రమంలో పాల్గొన్న పలువురు వక్తల ప్రసంగించారు. ప్రసంగాలు వారి మాటల్లోనే.

## మనపోరాటం అయిపోలేదు: జస్టిస్ సుదర్శన్‌రెడ్డి

తెలంగాణ రాష్ట్రం ఏర్పడినప్పటికీ సంపూర్ణ తెలంగాణ రాష్ట్రం సాకారం కాలేదు. దేశంలోని మిగిలిన రాష్ట్రాలకు లేని ఆంక్షలు తెలంగాణపై ఉన్నాయి. తెలంగాణకు ప్రత్యేక సర్వోన్నత న్యాయస్థానం లేదు. ఆంధ్రప్రదేశ్ పునర్విభజన చట్టం 2014కు సవరణలు అవసరం.

## అంతరాన్ని తొలగించాలి: చుక్కా రామయ్య

తెలంగాణ రాష్ట్రం ఏర్పడితే తమ ఆకాంక్షలన్నీ నెరవేరుతాయని ప్రజలు భావించారు. ప్రజల ఆకాంక్షలకు, ప్రభుత్వ ప్రాధామ్యాలకు అంతరం ఏర్పడుతోంది. తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక ఈ అంతరాన్ని తొలగించేందుకు కృషి చేయాలి.

## ప్రజాస్వామిక దృక్పథం మా శ్వాస: మల్లేపల్లి లక్ష్మయ్య

ప్రజాస్వామిక దృక్పథం మా శ్వాస. మా వేదిక గడిచిన పదేళ్లుగా ఆహర్నిశలు ప్రజలపక్షంలోనే ఉంది. భవిష్యత్తులోనూ ఉంటుంది. అభివృద్ధి ఫలాలు అందరికీ అందాలి.

ఘనంగా ప్రారంభం: విద్యావంతుల వేదిక అయిదో వార్షికోత్సవం ఘనంగా ప్రారంభమైంది. ఉదయం సుందరయ్య విజ్ఞాన కేంద్రం నుంచి ఇందిరాపార్కు వరకు ర్యాలీ నిర్వహించారు. కార్యక్రమానికి విద్యావంతుల వేదిక గౌరవాధ్యక్షులు కోదండరాం, ప్రధాన కార్యదర్శి విజయ్‌కుమార్, ప్రెస్ అకాడమీ ఛైర్మన్ అల్లంనారాయణ తదితరులు పాల్గొన్నారు.

# సంపూర్ణ తెలంగాణ ఇంకా రాలేదు

● ఆచార్య కోదండరాం

ఈనాడు, హైదరాబాద్: అనేక పోరాటాల అనంతరం ఏర్పడ్డ తెలంగాణలో అన్నివర్గాల ప్రజలకు న్యాయం జరగాలని, అభివృద్ధి ఫలాలు ప్రజలందరికీ దక్కాలని తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక గౌరవాధ్యక్షులు, తెఐకాస ఛైర్మన్ ఆచార్య కోదండరాం ఆకాంక్షించారు. ఆదివారం హైదరాబాద్‌లోని ఇందిర ప్రియదర్శిని ఆడిటోరియంలో తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక అయిదో వార్షికోత్సవ ముగింపు వేడుకలు జరిగాయి. ఈ సందర్భంగా కోదండరాం మాట్లాడుతూ ఇప్పటికీ సంపూర్ణ తెలంగాణ రాలేదని.. గవర్నర్ పాలన, ఉమ్మడి రాజధానే దీనికి నిదర్శనమన్నారు. ఉమ్మడిగా సంస్థలన్నింటినీ తక్షణమే విభజించాలన్నారు. తెలంగాణలోని అన్ని వర్గాలకు సమాన అవకాశాలుండాలని, ప్రజలందరికీ గౌరవప్రదమైన జీవితం దక్కేలా ప్రభుత్వం కార్యాచరణ రూపొందించాలన్నారు. ఆచార్య హరగోపాల్ మాట్లాడుతూ తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక నిజమైన ప్రతిపక్షంలా ఉండాలని, నిర్మాణాత్మక ప్రతిపక్షం లేకపోతే ప్రజలకు నష్టమన్నారు. పాలకులు నూతన ఒరవడి సృష్టించేందుకు ప్రయత్నించాలని సూచించారు. తెలంగాణకు మతమౌఢ్యం ముప్పుపొంచి ఉన్నదని, జాగ్రత్తగా ఉండాలని తెలిపారు. మతఛాందసవాదులు దీనిని ప్రయోగక్షేత్రంగా మార్చుకునే ప్రమాదం ఉన్నదన్నారు. తాను టీఎస్‌పీఎస్సీ ఏర్పాటు చేసిన సిలబస్ కమిటీకి నేతృత్వం వహించడంపై అనవసర అపోహలు పెట్టుకోవద్దని, రాజ్యాంగబద్ధ సంస్థ చరిత్ర, సంస్కృతి తదితర అంశాలపై అకడమిక్ పరమైన అంశాలకు సంబంధించి వేసిన తాత్కాలిక కమిటీలో తాను ఉన్నానని, అది ప్రభుత్వం ఇచ్చిన పదవి కాదన్నారు. విద్యావేత్తగా తన సూచనలు అందిస్తానని తెలిపారు. విశ్వవిద్యాలయాలకు వైస్‌ఛాన్సలర్లను నియమించడంపై ప్రభుత్వం దృష్టిపెట్టాలని, ప్రైవేటు విశ్వవిద్యాలయాలు, డీమ్డ్ యూనివర్శిటీలకు అనుమతులు ఇవ్వరాదన్నారు. విద్యావంతుల వేదిక అధ్యక్షులు మల్లేపల్లి లక్ష్మయ్య మాట్లాడుతూ తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక ప్రత్యేకంగా లక్ష్యాన్ని ఏర్పాటు చేసుకున్నదని, అయిదో వార్షికోత్సవ వేదిక నుంచి లక్ష్య ప్రకటన చేస్తున్నట్లు ప్రకటించారు. మారిన రాజకీయ పరిస్థితులకు అనుగుణంగా వేదిక తన కార్యాచరణ రూపొందించుకుంటోందని, అభివృద్ధి నినాదం ఉద్యమం నుంచే పుట్టిందన్నారు. దేశవ్యాప్తంగా ప్రైవేటీకరణ విధానాలు గెలిచాయని, తెలంగాణలో మాత్రం సంక్షేమ విధానాలు విజయాలు సాధించాయన్నారు. 'ప్రగతి కోసం-పాలనలో భాగం-పైసల్లో భాగం' అనే నినాదంతో తాము ముందుకు వెళ్తామన్నారు. టీపీటీఎఫ్ సంఘం అధ్యక్షులు దేవీప్రసాద్ మాట్లాడుతూ విద్యావంతుల వేదికను స్ఫూర్తిగా తీసుకొని తెలంగాణ ఐకాస తన కుటుంబ పునర్నిర్మాణం చేసుకోవాల్సిన అవసరం ఉన్నదన్నారు. కార్యక్రమంలో ఆచార్య ముత్యంరెడ్డి, టీఎన్జీవో సంఘ ప్రధాన కార్యదర్శి కారెం రవీందర్‌రెడ్డి పాల్గొన్నారు.



తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక మహాసభలో మాట్లాడుతున్న తెలంగాణ ఐకాస ఛైర్మన్ కోదండరాం

**నూతన కార్యవర్గం:** తెలంగాణ విద్యావంతుల వేదిక నూతన కార్యవర్గాన్ని ఎన్నుకున్నారు. నూతన అధ్యక్షులుగా గురజాల రవీందర్‌రావు, ప్రధానకార్యదర్శిగా తిప్పర్తి యాదయ్య, ఉపాధ్యక్షులుగా శ్రీధర్‌రావు దేశ్‌పాండే, ఆర్. విజయకుమార్, అంబటి నాగయ్య, డాక్టర్ స్వర్ణలత, ముక్కెర రాజు, కార్యదర్శులుగా ధర్మార్జున్, జె.విశ్వ, డాక్టర్ జగదీశ్, డాక్టర్ వి.రమ, ఎ.విజయకుమార్, ఆశా నారాయణ, కోశాధికారిగా టీజీ శ్రీనివాస్, పబ్లికేషన్ సెక్రటరీగా సతీష్‌రెడ్డి, కోఆర్డినేటర్‌గా కోలా జనార్దన్, కార్యవర్గ సభ్యులుగా మల్లేపల్లి లక్ష్మయ్య, డాక్టర్ పాపయ్య, బాబన్న, నర్సింహస్వామి, సుమిత్ర, చంద్రశేఖర్, జి.బస్వరాజు, మల్లెల రామనాథం, ప్రభాకరాచారి, డాక్టర్ కనకరాజు, బాలయ్య, డి.జనార్దన్, రాజారం ప్రకాశ్, పి.లక్ష్మి, అశోక్, రామగిరి ప్రకాశ్ ఎన్నికయ్యారు.

## తీర్మానాలు ఇవే..

- ★ ఆరు దశాబ్దాలుగా సీమాంధ్ర వలసపెట్టుబడి, రాజకీయ దోపిడీ, పీడనకు గురైన తెలంగాణ ప్రజలు విముక్తులయ్యారు. ఈ విజయం స్ఫూర్తితో తెలంగాణ పునర్నిర్మాణంలో భాగస్వామ్యమవుదాం.
- ★ తెలంగాణలోని ప్రైవేటు పరిశ్రమల్లో స్థానికులకు 80 శాతం ఉద్యోగాలు ఇవ్వాలి.
- ★ ప్రభుత్వం వ్యవసాయ విధానాన్ని ప్రకటించాలి. ఆత్మహత్యలు చేసుకోకుండా రైతుల్లో భరోసా నింపాలి.
- ★ సినీ పరిశ్రమలో కొనసాగుతున్న సీమాంధ్ర ఆధిపత్యాన్ని నిర్మూలించాలి. సినీ పరిశ్రమకు రాచకొండ భూముల కేటాయింపు మంచిదికాదు. ఈ నిర్ణయాన్ని పునఃపరిశీలించాలి
- ★ తెలంగాణ ప్రభుత్వం పారిశ్రామిక విధానంలో చిన్న, కుటీర, మధ్య తరగతి పరిశ్రమలపై ప్రత్యేకంగా దృష్టిసారించాలి. ప్రతిభావంతమైన యువతకు సరైన వృత్తివిద్యను అందించేందుకు ఒకేషనల్ విశ్వవిద్యాలయం ఏర్పాటు చేయాలి.
- ★ నూతన ఫార్మసిటీల ఏర్పాటును విరమించుకోవాలి. తెలంగాణలో ఇలాంటి విధ్వంసకర పరిశ్రమలను ప్రోత్సహించవద్దు.
- ★ ఉమ్మడి సంస్థల విభజన తక్షణం జరగాలి. హైదరాబాద్‌పై వలసాధిపత్యం అంతం కావాలి.
- ★ ఉద్యోగుల విభజనను తక్షణం పూర్తిచేయాలి.
- ★ ఖమ్మం జిల్లాలోని ముంపు ప్రాంతాలను తెలంగాణలోనే ఉంచాలి.
- ★ విద్యార్థులకు తక్షణమే స్కాలర్‌షిప్పులు అందజేయాలి.
- ★ అభివృద్ధి పేరుతో హుస్సేన్‌సాగర్ చుట్టూ ఆకాశహర్మ్యాలు నిర్మించడంపై పునఃపరిశీలించాలి.
- ★ మిషన్ కాకతీయ- మన ఊరు-మన చెరువు కార్యక్రమం చేపట్టిన ముఖ్యమంత్రికి, రాష్ట్ర ప్రభుత్వానికి అభినందనలు.
- ★ రాష్ట్ర ప్రభుత్వం కులవృత్తుల అభివృద్ధికి అవసరమైన బడ్జెట్ కేటాయించాలి. బీసీ సబ్‌ప్లాన్ ఏర్పాటు చేయాలి.
- ★ కల్యాణలక్ష్మి పథకాన్ని అన్నివర్గాల పేదవారికి వర్తింపజేయాలి.
- ★ ఎస్సీ, ఎస్టీ సబ్‌ప్లాన్ ద్వారా దళిత, ఆదివాసీలకు భూమి పంపిణీ పూర్తిచేయాలి. ఎస్సీ ఎస్టీ సబ్‌ప్లాన్ చట్టానికి సవరణలు చేయాలి. నిబంధనలు తయారు చేయాలి.



thearyasamaj.org

thearyasamaj.org

# 'आर्य समाज और इसके पतितोद्धार कार्य की एक सर्वोत्तम प्रेरणाप्रद घटना'

मनमोहन कुमार आर्य, देहरादून।

पराधीन भारत में एक गुजराती जन्मना व कर्मणा ब्राह्मण महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा 10 अप्रैल, सन् 1875 को मुम्बई के काकड़वाड़ी स्थान पर प्रथम आर्य समाज की स्थापना विगत 5,000 वर्षों में एक सर्वतोमहान क्रान्ति के सूत्रपात का ऐतिहासिक दिवस है। हमें देश में ऐसी कोई संस्था या आन्दोलन विगत 5,000 वर्षों में दिखाई नहीं देता जिसने प्राणीमात्र की समस्याओं के मूल स्वरूप व उनके हितों को गम्भीरता से समझा हो जो हमारे देश में विद्यमान रही हैं। महर्षि दयानन्द और आर्य समाज ने देश की छोटी व बड़ी सभी समस्याओं को समझा ही नहीं अपितु इनके समाधान का सुस्पष्ट विधान भी प्रस्तुत किया। आर्य समाज के इस प्राणीमात्र के हितकारी कार्यों का प्रायः सभी मत–मतान्तरों व इतर समाकालीन व भावी संगठनों ने अपने अज्ञान व निहित स्वार्थों के कारण विरोध ही किया। आज भी स्थिति यही है। आर्य समाज की विचारधारा का आधार ईश्वरीय ज्ञान वेद पर आधारित होने के कारण, जो कि पूर्णरूपेण सत्य पर स्थित है, इस कारण यह संस्था अपने गुणों, ईश्वर की कष्पा और इसके निष्ठावान सेनानियों के तप व त्याग के कारण फलती–फूलती आ रही है। आज कई क्षेत्रों में देश ने आशातीत सफलतायें प्राप्त की हैं। इस स्थिति में यह भी सत्य है कि धार्मिक जगत में हम शताब्दियों पूर्व जहां थे शायद उससे भी पीछे गये हैं। इसका कारण है कि अवैज्ञानिक व अन्धविश्वासों पर आधारित मतों की संख्या में भारी वष्द्धि हुई है। ऐसा लगता है कि आज आधुनिक काल में भी अधिकांश लोग जिनमें उच्च शिक्षित लोग भी सम्मिलित है, धर्म के वास्तविक अर्थ व महत्व से अपरिचित हैं या फिर वह अपने अज्ञान व स्वार्थों के कारण सत्य को स्वीकार करना नहीं चाहते और अनावश्यक विरोध करते हैं। महर्षि दयानन्द ने उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में आर्य समाज की स्थापना कर जो समग्र सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक वैचारिक क्रान्ति की थी उसे हम वेदों पर आधारित सर्वांगीण क्रान्ति का नाम दे सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य तो देश व संसार से सभी प्रकार के अज्ञान को मिटाना था जो कि उन्नति में सबसे बड़ा बाधक होता है। अज्ञान मिटाने से सभी प्रकार के अन्धविश्वासो व कुरीतियों पर स्वमेव विराम लगता है। आज हमारे पास धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं अन्य सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित पूर्ण ज्ञान उपलब्ध है। यह ज्ञान महाभारत काल व उसके कुछ वर्षों बाद विलुप्त हो गया था जो महर्षि दयानन्द के प्रयासों एवं उनके द्वारा स्थापित आन्दोलनात्मक संगठन आर्य समाज के त्याग व तपस्या तथा बलिदान की भावनाओं के कारण आज सर्वत्र विद्यमान है। **महर्षि दयानन्द की सबसे बड़ी खोज यह थी कि क्या ईश्वर ने सष्ष्टि के बनाने के बाद कोई ज्ञान मनुष्यों के हितार्थ दिया था या नहीं?** महर्षि दयानन्द की खोज व अन्वेषण से यह सिद्ध हुआ कि ईश्वर ने सष्ष्टि के आरम्भ में चार ऋषियों अग्नि, वायु, आदित्य व अंगिरा के माध्यम से आदिकाल व भावी पीढ़ियों के लिए चार वेद, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद का ज्ञान दिया था। वेद क्या हैं? वेद मनुष्य को अपना जीवन ज्ञान–विज्ञान के आधार पर व्यतीत करने वाली सब सत्य मान्यताओं एवं सिद्धान्ताओं का समुच्चय व संहितायें हैं। वेदों का अनुयायी व जानकार ही सच्चा जीवन व्यतीत करता व कर सकता है। अन्य बन्ध ु जो वेद के ज्ञान से अनभिज्ञ हैं, उनका जीवन परमार्थ के नाममात्र तथा स्वार्थ पर ही अवलम्बित होता है। यदि कोई वेदों का जानकार भी स्वार्थ में फंस कर बुरा काम करता है तो उसमें वेद का कसूर नहीं है अपितु उस व्यक्ति की अपनी कमियां हैं। महर्षि दयानन्द ने वेदों के आधार पर विश्व के मनुष्य समाज का जीवन सफल व सुखमय बनाने के लिए मूर्तिपूजा, अवतारवाद, फलितज्योतिष, वेदविरूद्ध ईश्वर

thearyasamaj.org

उपासना–पूजा पद्धति का विरोध, छुआछूत का विरोध, शिक्षा का स्त्री व शूद्रों सहित सबको समान अधिकार का समर्थन, सती प्रथा–बेमेल विवाह का विरोध तथा गुण–कर्म–स्वभावानुसार उचित आयु में युवक–युवतियों के विवाह आदि का प्रचार किया। विधवा विवाह का भी अनेक परिस्थितियों एवं आपद–धर्म के रूप में समर्थन किया। **उन्होंने सर्वप्रथम दलितोद्धार व पतितोद्धार की मजबूत नींव भी डाली। इस दिशा में आर्य समाज ने जो कार्य किया है वह अन्य किसी ने नही किया है।**

महर्षि दयानन्द ने आर्य समाज की केवल स्थापना ही नहीं की अपितु उन्होंने वेद के आधार पर मानव जाति की समग्र उन्नति का प्रयास अपने सदुपदेशों, प्रवचनों व व्याख्यानों, शास्त्रार्थों तथा सत्यार्थ प्रकाश आदि अनेक ग्रन्थों के लेखन व प्रकाशन द्वारा किया। वह प्रातः 3 बजे ही निद्रा त्याग कर उठ जाते थे और अपनी वेद सम्मत दिनचर्या आरम्भ कर देते थे। दिन का एक–एक क्षण वह अपने उद्देश्य की पूर्ति में लगाते थे और रात्रि 10 बजे शयन करते थे। उनका शयन भी एक प्रकार का ईश्वर का ध्यान ही हुआ करता था। उनकी वेशभूषा में एकमात्र एक कौपीन होता था। दिसम्बर–जनवरी–फरवरी की शीत व शिशिर ऋतु में भी वह बिना छत के किसी नदी के किराने सिरहाने ईंटे लगाकर या फिर अन्यत्र एकान्त स्थान पर रहा करते थे। **उनके जैसा तप, त्याग व पुरूषार्थ इतिहास में प्रसिद्ध किसी महापुरूष मे नहीं पाया जाता। वह अपूर्व ऐतिहासिक महापुरूष थे तथा उनकी अपने गुणों में किसी महापुरूष से समानता नहीं है। इस प्रकार से एक दिन के 24 घंटों में से उन्होंने 18 घंटे काम कर पुरूषार्थ की पराकाष्ठा का कीर्तिमान स्थापित किया।** उन्होने सन् 1875 में आर्य समाज की स्थापना से 30 अक्तूबर, 1883 को अपने देहत्याग–मृत्यु पर्यन्त के 8 वर्ष 6–7 महीनों में अभूतपूर्व कार्य किये। वह सत्य व ज्ञान के प्रचारार्थ देश के अधिकांश भागों में पदयात्रा व उन दिनों के असुविधापूर्ण साधनों द्वारा पहुंचे और लोगों को अपनी वाणी से सत्य के मूलस्वरूप से परिचित कराया जिससे समाज के धार्मिक दृष्टि से जागृत व निःस्वार्थ भावना के लोग उनके अनुयायी ही नहीं बने अपितु उन्होंने नाना विध देश और समाज की सेवा की।

**दलितों एवं पतितों के उद्धार के लिए आर्य समाज ने उल्लेखनीय सेवा की है जो कि इतिहास की वस्तु है।** उनसे पूर्व जिन स्त्री व शूद्रों को वेद का शब्द बोलने पर जघन्य दण्ड दिया जाता था, आर्य समाज के द्वारा उनको वेदों का ऐसा विद्वान बनाया गया जिनके समकक्ष विद्वान महाभारत काल के बाद स्वयं को सनातनी कहने वाले पौराणिक बन्धु स्वयं में ही न तो उत्पन्न कर सके और न ही उनकी विचारधारा व मान्यताओं के आधार पर ऐसा होना सम्भव है। इस प्रसंग में हम आर्य समाज से जुड़ी पतितोद्धार की एक प्रेरणादायक घटना प्रस्तुत करते हैं।

सन् 1964 में आर्य जगत के अबोहर–पंजाब के प्रसिद्ध विद्वान प्राध्यापक राजेन्द्र जिज्ञासु शोलापुर से आर्य समाज, यादगिरी–गुलबर्गा के निमन्त्रण पर इसके रजत जयन्ती समारोह में भाग लेने पहुंचे। यादगिरी पहुंच कर आप श्री रामचन्द्र जी वर्मा प्रधान, आर्य समाज से मिलने सुरपुर जाने वाली बस में सवार हुए। यह बस यात्रियों से पूरी तरह से भरी हुई थी जिसमें खड़ा होना भी कठिन था। बस में एक विचित्र घटना घटी जिसका वर्णन जिज्ञासुजी ने अपने संस्मरणो में किया है। जिज्ञासु जी को किसी ने पुकारा, **"पण्डितजी ! आईये, यहां बैठिये।"** हैदराबाद में आर्य समाज के विद्वानों को पण्डितजी कहकर ही पुकारने की परम्परा है। जिज्ञासु जी ने बस में चारों ओर देखा, परन्तु उसमें कोई भी आर्य विद्वान दिखाई नहीं दिया। आवाज दोबारा सुनाई दी। अब उन्होंने देखा कि एक युवक उन्हें बुला रहा है। वह उसके समीप गये। उस अज्ञात युवक की सज्जनता देखकर जिज्ञासुजी आश्चर्य में पड़ गये। अपनी सीट छोड़ते हुए, उसने जिज्ञासुजी को बैठने के लिए कहा। जिज्ञासु जी ने उसका धन्यवाद किया और उसे अपनी सीट पर ही बैठे रहने के लिए कहा। वह उस युवक को पहचानते नहीं थे। उसका धन्यवाद करना और सीट न लेना ही उस समय उनका कर्तव्य था जो कि उन्होंने किया।

thearyasamaj.org

युवक जिज्ञासु जी की स्थिति को समझ गया। उसने कहा, **"आप तो मुझे नहीं जानते परन्तु मैं आपको जानता हूं। आप पहले भी हमारे नगर के आर्यसमाज के प्रधान श्री रामचन्द्र जी वर्मा के पास आये थे, तब मैंने आपको देखा था और आपके प्रवचन सुने थे।"** उस भरी बस में एक और बात कह कर उसने जिज्ञासु जी व बस के यात्रियों को चौंका दिया। वह युवक बोला, **"मैं वैश्या का पुत्र हूं। हमारे नगर में देवदासियों की कन्याएं वेश्या बनती हैं। वर्मा जी की कृपा दृष्टि मुझ पर पड़ी। आपने मुझे प्रेरित किया, सम्भाला और पढ़ने की प्रेरणा दी। मैं उनकी कृपा से अध्यापक बन गया। मेरा परिवार अब उस कीचड़ वा दलदल से निकल गया है। मेरी बहिनों के भी विवाह हो गये। यह सब आपके रामचन्द्र जी वर्मा की कृपा का फल है।'**

जिज्ञासु जी उस युवक की भरी बस में कही इन बातों को सुनकर व उसके साहस को देखकर भौच्चके रह गये। कोई व्यक्ति कभी अपनी कमजोरी का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं करता? जिज्ञासु जी लिखते हैं कि **"उसकी बातें सुनकर मेरा सीना गर्व से फूल गया कि मैं वेदोद्धारक, देश सुधारक और बाल ब्रह्मचारी ऋषि दयानन्द का शिष्य हूं जिसने प्राणवीर पं. लेखराम जी, स्वामी श्रद्धानन्द जी से लेकर श्री रामचन्द्र वर्मा तक सैकड़ों दिलचले व दीन सेवक पैदा किये। श्री रामचन्द्र जी वर्मा ने उसको पढ़ने की ही प्रेरणा नहीं दी, उसे रामचन्द्र जी आदि सज्जनों के सहयोग से सर्विस भी मिल गई। उस युवक की बहिनों का भी उद्धार हो गया। पतितोद्धार की तो मैंने अनेक कहानियां सुनीं व पढ़ी हैं परन्तु बस में घटी इस घटना सदृश कोई घटना कभी सुनने पढ़ने को नहीं मिली। किसी पतित का बहिष्कार व तिरस्कार तो हर कोई कर सकता है परन्तु गिरे हुओं को उठाना तो कोई विरले मनुष्य ही कर सकते हैं। इसी का नाम परोपकार है। यही मनुजता है। यही धर्म का सार है।"**

इस एक घटना से ही आर्य समाज के अन्य देश–समाज हितकारी कार्यों का अनुमान किया जा सकता है। हम संक्षेप में यह भी बताना चाहते हैं कि समय–समय आर्य पर समाज में मुस्लिम मत के लोग भी शामिल हुए और आर्य समाज में अपना उच्च स्थान बनाया। इन विभूतियों में स्वामी विज्ञानानन्द जी और स्वामी सत्यपति जी का नाम लिया जा सकता है। आर्य समाज के गुरूकुलों में दलित वर्ग के बड़ी संख्या में लोगों ने शिक्षा पाई और अनेक वेदो के विद्वान, वेदों के भाष्यकार, भजनोपदेशक व आर्य समाज के अधिकारी व प्रचारक बने। हमारी मित्रमण्डली में भी अनेक मित्र दलित परिवारों से रहे हैं व हैं जिनका सामाजिक स्तर काफी उन्नत हुआ। दलित–पतितोद्धार के साथ आर्य समाज ने समाज के अनेक व्यक्तियों को फर्श से उठाकर अर्श पर पहुंचाया है। किसी गांव में एक भेड़–बकरी चराने वाले बालक को गुरूकुल में पढ़ाकर उसे न केवल विद्वान ही बनाया अपितु वह आर्यों की शिरोमणि सभा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के प्रधान भी बने। संन्यास लेकर वह सभी के पूज्य भी बने। आज पौराणिकों में संन्यास का अधिकार केवल ब्राह्मण जन्मना लोगों को ही है जबकि आर्य समाज में कोई भी योग्य विद्वान संन्यास ग्रहण कर समाज व देश सेवा कर सकता है। इस दृष्टि से भी आर्य समाज सच्चा पारस मणि पत्थर सिद्ध होता है जो साधारण अशिक्षित व संस्कारहीन लोगों को भी महनीय–स्वर्णमय जीवन का धनी बना देता है।

लेख को विराम देते हुए हम पाठकों से जीवन की उच्चाईयों को प्राप्त करने के लिए आर्य समाज का साहित्य मुख्यतः सत्यार्थ प्रकाश, महर्षि दयानन्द व स्वामी श्रद्धानन्द का जीवन चरित और आर्य समाज का इतिहास पढ़ने की प्रेरणा करेंगे। आर्य समाज के विचारों को अपनाकर ही देश का कल्याण व उद्धार हो सकता है। इसके लिए हमें वेदों का अध्ययन कर वेदानुसार ही अपना आचरण बनाना होगा। ऐसा करके ही देश राम–राज्य बन सकता है। अन्य कोई मार्ग देश को सुदष्ण व अखण्ड बनने तथा उन्नति पर ले जाने नहीं है। वैदिक राज्य ही सुराज व राम–राज्य से अलंकष्त हो सकता है।

thearyasamaj.org

# 'क्या हमारा अब तक का जीवन व्यर्थ चला गया है?'

–मनमोहन कुमार आर्य, देहरादून

हम अपने सारे जीवन भर यह भूले रहते हैं कि हमारे जीवन का उद्देश्य क्या है। हम संसार में क्यों आये हैं? न हमें इसके बारे में माता–पिता से कोई विशेष ज्ञान मिलता है और न हि हमारे आचार्य व अध्यापक ही विद्यालयों में इस विषय के बारे में पढ़ाते या बताते हैं। माता, पिता व आचार्य का उद्देश्य यही होता है कि हम खा–पी कर स्वस्थ बने और शिक्षा पाकर अच्छा रोजगार प्राप्त कर लें और विवाह, सन्तान, धन, सम्पत्ति, सुविधापूर्ण आवास, कार आदि खरीद कर सुखी जीवन व्यतीत करें। यही आम मनुष्य के जीवन का उद्देश्य उसकी जीवन शैली को देखकर विदित होता है। कभी कोई विचार ही नहीं करता कि क्या यही वास्तविक जीवन का उद्देश्य है? महर्षि दयानन्द ने अपने जीवन में इस प्रश्न पर विचार किया था। उन्हें ज्ञात हुआ था कि नहीं, जीवन का उद्देश्य यह नहीं है अपितु ज्ञान की प्राप्ति से ईश्वर का साक्षात्कार और सद्कर्मों से जन्म मरण से मुक्ति प्राप्त करना ही जीवन का उद्देश्य है।


प्रिंसीपल श्री ज्ञानचन्द्र जी हिसार आर्य समाज के प्रसिद्ध व प्रतिष्ठित विद्वान थे। आप अत्यन्त अध्ययनशील व्यक्ति थे। उनके जीवन में अनेक विशेषतायें थीं। आपने सन् 1939 के हैदराबाद की मुस्लिम रियासत मे बहुसंख्य हिन्दु प्रजा पर वहां के निजाम और उनके अधिकारियों के धार्मिक भेदभाव एवं अत्याचारों के विरूद्ध ''राष्ट्रीय आर्य सत्याग्रह'' में भाग लिया था और जेल भी गये थे। भारत के प्रथम उपप्रधान मंत्री एवं गष्ट्रमन्त्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने इस सत्याग्रह की प्रशंसा की थी। आर्य जगत् के विद्वान और आर्य गजट पत्र के पूर्व सम्पादक चौ. वेदव्रत, स्वामी ओमानन्द जी तथा प्रो. उत्तम चन्द शरर जेल में आपके साथ थे।

प्रिंसीपल ज्ञान चन्द्र जी ने संन्यास लेने का निर्णय किया। विचार करने के बाद उन्होंने आर्य जगत् के प्रसिद्ध विद्वान एवं 300 से अधिक ग्रन्थों के लेखक श्री राजेन्द्र जिज्ञासु, अबोहर से कहा कि वह कुछ दिन उनके पास अज्ञातवास के लिए आना चाहता हैं। प्रवास में वह कुछ चिन्तन, मनन व स्वाध्याय करना चाहते हैं, परन्तु वहां व्याख्यान नहीं देंगे। जिज्ञासु जी ने उन्हें आमंत्रित किया और उनके निर्णय की प्रशंसा की। अबोहर में उनके निवास व अन्य सभी प्रकार के प्रबन्ध कर दिये गये। प्रिंसीपल महोदय अबोहर आये और निवास किया। यहां उनके दर्शन करने सायंकाल के समय अनेक श्रद्धालुजन आते रहे, अतः प्रिंसीपल महोदय द्वारा उन्हें उपदेश किया जाता रहा। यहां प्रिंसीपल महोदय ने जिज्ञासु जी को आर्य जगत् के नाम अपनी ओर से एक सन्देश लिपिबद्ध कराया जिसका प्रकाशन कर स्थानीय जनता में वितरित कर दिया गया। एकदिन जिज्ञासुजी से आपने कहा कि आप मुझे स्वाध्याय के लिए उपयोगी कोई आध्यात्मिक ग्रन्थ दीजिये। इसका पालन कर जिज्ञासु जी ने उन्हें वेदभाष्यकार पं. हरिशरण सिद्धान्तालंकार का सामवेद भाष्य ले जाकर उन्हें दिया। आपने भक्तिभाव से सामवेद का अध्ययन किया। इसके कुछ दिन बाद जब जिज्ञासु जी प्रिंसीपल ज्ञान चन्द्र जी से मिले तो आपने उनसे कहा कि ''जिज्ञासु जी ! मेरा तो अब तक का सारा जीवन ही बेकार ही गया।'' इसके आगे वह बोले कि ''मैंने आज तक प्रभु की अमरवाणी वेद का स्वाध्याय कभी नहीं किया। बस अपवाद रूप में ही कुछ वेद मन्त्र कभी देखे व पढ़े। वेदों की महत्ता को सुनता तो अवश्य रहा हूं। पहली बार ही आपने यह भाष्य लाकर मुझे अमष्तपान करवा दिया।'' जिज्ञासुजी यह शब्द सुनकर हैरान हो गय। वह जानना चाह रहे थे कि इसके पीछे उनकी भावना क्या है। जिज्ञासु जी बताते हैं कि वह प्रिंसीपल ज्ञान चन्द्र जी के छोटे भाई मास्टर रत्नचन्द जी के शिष्य रहे हैं। बाद में वह श्री ज्ञानचन्द्र जी के भी शिष्य बने। उनका जिज्ञास जी से बहुत स्नेह था और अपने इस शिष्य का नाम न लेकर उन्हें हमेशा 'जिज्ञासु जी' कहकर पुकारते थे। यह उनका बड़पन्न था। प्रिसीपल साहिब के देश भर मे बड़ी संख्या में समर्पित भक्त व प्रेमी थे, उन्हें व सेठ एवं लीडरों को छोड़कर वह उन एक साधारण विप्र के यहां अज्ञातवास हेतु आये थे। अपने जीवन के बेकार होने की बात कहने के बाद उन्होंने सामवेद भाष्य को खोलकर एक मन्त्र और उसका अर्थ पढ़कर सुनाया। मन्त्र में कहा गया है कि ''इस जन्म में जहां हम छोड़ते हैं आगे की यात्रा वहीं से आरम्भ

thearyasamaj.org

होती है जैसे कि मां जब बच्चे को दूध पिलाती है तो दाएं स्तन का पान करके वह बच्चा बाएं स्तन का पान करने लगता है। बाएं का पान करते समय वह नये सिरे से यह किया नहीं करता। जितना दूध पी चुका है अब उससे आगे पीता है। जितना पेट पहले भर चुका था, वह तो भर चुका, अब तो वह और पी कर बची भूख को शान्त करता है।'' उन्होंने आगे कहा कि अब वह शेष जीवन वेद का ही स्वाध्याय करेगें और इस जीवन में जो न्यूनता रहेगी वह अगले जन्म में पूरी करेंगे। उन्होंने तब एक पंक्ति बोली थी जिसका आशय था कि 'ईश्वर तेरी वेदवाणी है अनमोल, इसमें अमष्त भरा हुआ है विभोर।' यह रहस्य सामवेद के एक मन्त्र के भाष्य ने खोला। श्री ज्ञान चन्द्र जी ने जिज्ञासु जी को कहा कि 'यदि उन्हें पहले यह बात समझ में आ जाती तो वह बहुत कुछ पाकर आगे निकल जाते।' श्री ज्ञानचन्द्र जी देश भर में उपनिषदों की कथा करने के लिए बहुत प्रसिद्ध थे। उनकी उपनिषदों की कथायें बहुत रोचक, प्रेरक व चिचारोत्तेचक होती थी। उनकी भाषा पंजाबी उच्चारण बहुल थी परन्तु उनका चिन्तन गहन था व उनके विस्तष्त अध्ययन का प्रभाव श्रोताओं पर जादू का सा होता था। प्रिंसीपल ज्ञानचन्द्र ने जो बात कही कि मेरा तो अब तक का सारा जीवन ही बेकार गया। इसकी जानकारी देकर उन्होंने वेदाध्ययन को उन्होंने अमष्त के तुल्य बताया। इस प्रेरणादायक प्रसंग से हम व सभी लोग लाभ उठा सकते हैं। हमने आरम्भ में महर्षि दयानन्द जी के जीवन के उद्देश्य विषयक अन्वेषण और परिणामों का उल्लेख किया है। हमने भी लगभग 40 वर्षों से वेद एवं वैदिक साहित्य के अध्ययन में व्यतीत किए हैं। हम इस प्रसंग में यह भी जोड़ना चाहेंगे कि महर्षि दयानन्द का विख्यात ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश संसार के धार्मिक साहित्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। प्रत्येक व्यक्ति को उसका अध्ययन और उसकी सत्य शिक्षाओं पर आचरण कर अपना जीवन सफल करना चाहिये। जिस सामवेद भाष्य की चर्चा उपर्युक्त पंक्तियों में की गई हैं, वह वैदिक साहित्य के प्रकाशक 'श्री घड़मल प्रह्लादकुमार आर्य धर्मार्थ न्यास, ब्यानिया पाडा, हिण्डोनसिटी–राजस्थान'' से उपलब्ध है। पत्र भेजकर डाक से मंगाया जा सकता है। हमारा अनुभव है कि प्रिंसीपल ज्ञानचन्द्र जी का अपने और हम सभी के जीवन के बारे में निष्कर्ष पूरी तरह से यथार्थ है। इसे लेख की पंक्तियों से यदि पाठको को कुछ लाभ होता है तो हमारा श्रम सफल होगा।

**एक मार्च २०१५ को निगम नीड़म गुरुकुल का दशाब्दि महोत्सव। मुख्य अतिथि स्वामी आर्यवेशजी, प्रधान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा।**



निगमनीडम् - वेदगुरुकुलम्

महर्षि दयानन्द मार्ग, पिड़िचेड, गज्वेल, मेदक (तेलंगाणा) 502278

प्रथम दशाब्दी वार्षिकोत्सव एवं

महर्षि दयानन्द प्रवेशद्वार का

भव्य उद्घाटन समारोह

1 मार्च 2015, रविवार, प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक

वेद और वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के निमित्त महर्षि दयानन्द सरस्वती ने जिस ज्ञानज्योति को प्रज्वलित किया था, उसे भारत के दक्षिण भाग में भी विस्तृत करने के महान् उद्देश्य से 'निगम नीडम्-वेदगुरुकुलम्' की स्थापना अप्रैल 3, 2004 में की गई थी। ईश्वरानुग्रह से एवं दानीमहानुभावों के सत्सहयोग से स्वल्पावधि में ही यह गुरुकुल अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने में पूर्ण सफल रहा है। अब इस गुरुकुल में 1-मार्च 2015, रविवार के दिन 'ऋग्वेद - पारायणयज्ञ की पूर्णाहुति' के साथ 'प्रथम दशाब्दी समारोह' मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर 'महर्षि दयानन्द प्रवेशद्वार' का उद्घाटन तथा ''स्मारिका'' का विमोचन समारोह 'पूज्य श्री स्वामी आर्यवेश जी' (प्रधान, सार्वदेशिक आर्यप्रतिनिधि सभा, दिल्ली) के करकमलों से सम्पन्न किया जा रहा है साथ में कुछ ग्रन्थरत्नों का विमोचन भी किया जायेगा। आप इस भव्य समारोह में सपरिवार एवं बन्धु, मित्रों के साथ अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सत्संग का लाभ उठावें।

यज्ञब्रह्मा : श्रीमती, श्री डॉ. वसुधा शास्त्री, अरविन्द शास्त्री जी

मुख्य अतिथि: श्रीमान् निम्मगड्ड प्रसाद जी (निम्मगड्ड फाउन्डेशन, हैदराबाद)

विशिष्ट अतिथि : श्रीमान् विट्ठलराव जी (प्रधान, आर्यप्रतिनिधि सभा, तेलंगाणा, आन्ध्रप्रदेश)

सम्मान्य अतिथिगण : श्री एम. लक्ष्मीकान्ताराव जी (प्रज्ञापुर), श्री चिन्मुला सत्यारेड्डि जी, श्रीमान् श्रीधर राव जी (भारत स्वाभिमान, तेलंगाणा, आन्ध्रप्रदेश), श्री आकुल विश्वेन्द्र आर्य जी

आमन्त्रित विद्वान्

वैदिक विद्वान् डॉ. श्री विजयवीर विद्यालंकार जी, डॉ. श्री मसन चेन्नप्पा जी (उस्मानिया यूनिवर्सिटि), वाग्मीप्रवर श्री आचार्य सत्यवीर जी, श्रीमती, श्री ओरिगण्टि लक्ष्मीदेवी-वेंकटरंगय्या जी, श्रीमती, श्री कूरपाटि कल्याणी-रवीन्द्रनाथ जी, श्रीमती, श्री रविकण्टि ज्योतिश्री-दीनदयालु जी

यजमान दम्पती

श्रीमती, श्री रविकण्टि सुशीला - कृष्णमूर्ति जी, श्रीमती, श्री रविकण्टि सत्यश्री - रामदेव जी, श्रीमती, श्री रविकण्टि रोजाश्री-चन्द्रकान्त जी, श्रीमती, श्री एस. राज्यलक्ष्मी-डॉ. हनिमिरेड्डि (D.D.S.) जी (नर्सरावुपेटा, गुण्टूरु)।

सम्मान

श्रीमान् मुत्याला धर्मवीर योगाचार्य जी को 'आर्यभामाशाह' उपाधि से एवं श्रीमान् रविकण्टि कृष्णमूर्ति जी को उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।

आगन्तुक महानुभाव अपने आने की पूर्व सूचना अवश्य देवें और इस पुनीत कार्य के होता बनकर अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें। निगम नीडम् को प्रदत्त दान 80 G के अन्तर्गत आयकर से मुक्त है।

सम्पर्क हेतु दूरभाष संख्यायें- 09440721958, 07660060724, 07660060749, 07036267844, 07036267846, 09949810975

Email : nigamaneedam@gmail.com; Wedsite : www.nigama-needam.org.in

निवेदक न्यासी गण

मुरली ब्रह्मचारी (संरक्षक), उदयनाचार्य (संस्थापक एवं अध्यक्ष), मड्डि रंगय्या (कोषाध्यक्ष), एम. मल्लय्या आर्य, रविकण्टि रामदेव, मूलाराम चौधरी, आकुला विश्वेन्द्र आर्य, विश्वरूपप्, वेदायन, वीरभद्रय्या, सञ्जीव कुमार शर्मा, बुध्यन्नार्य, श्रीहरि,

thearyasamaj.org

# హైదరాబాద్ కా ముక్తి సంఘర్ష్

## (హిందీ భాషలో)

(నిరంకుశ నిజాం అత్యాచారాలకు వ్యతిరేకంగా పోరాడిన ఆర్య సమాజ చరిత్ర)

గ్రంథకర్త : డాక్టర్ ఆనంద్ రాజ్ వర్మ

ప్రతి పుస్తకము యొక్క మూల్యము : రూ. 120/-

5 పుస్తకములు కొన్న వారికి తక్కువ రేటుతో అనగా రూ. 80/- పతి పుస్తకము ఇవ్వబడును




ప్రచారార్థము ఆర్యసమాజ అధికారులు, ఔత్సాహికులు, అధిక సంఖ్యలో ప్రతులను కొనుగోలు చేసి ఇంటింటా చదువరులైన యువకులకు, విద్యార్థులకు అందజేసి సహకరించాలని విజ్ఞప్తి.

**లభించు స్థలము :**

**ఆర్య ప్రతినిధి సభా కార్యాలయము**

సుల్తాన్‌బజారు - హైదరాబాదు.

సంప్రదించుటకు ఫోన్ నెంబర్లు :

040-2475 6983, 66758707

అధిక ప్రతులు కొనుగోలుకై తగిన రేటుకు లభించును. 9849560691

# हैदराबाद का मुक्ति संघर्ष

(निरंकुश निज़ामशाही के दौर में अन्याय और अत्याचारों के विरुद्ध आर्य समाज के संघर्ष का इतिहास)

लेखक : डॉ. आनन्द राज वर्मा

मूल्य : रु. १२०/- प्रति पुस्तक

अधिक पुस्तकें खरीदने पर

रु. ८०/- प्रति पुस्तक




प्रचारार्थ आर्य समाज के अधिकारी एवं उत्साही कार्यकर्ता अधिकाधिक प्रतियों को ख़रीद कर घर-घर, पाठशाला, युवावर्ग एवं छात्रों में वितरित कर सहयोग दें।

**प्राप्ति स्थान : कार्यालय**

**आर्य प्रतिनिधि सभा आ.प्र.-तेलंगाणा**

सुल्तान बाज़ार - हैदराबाद

संपर्क सूत्र : फोन. नं. :

040-2475 6983, 66758707

9849560691

thearyasamaj.org

చదవండి **విజ్ఞప్తి** చదివించండి.

**ఆర్య ప్రతినిధి సభ ఆం.ప్ర - తెలంగాణ**

నూతన పుస్తక ప్రచురణలు

# ఆర్య సమాజమనగానేమి?

వైదిక ధర్మము, మహర్షి దయానందుని

జీవిత విశేషాలు,

ఆర్య సమాజ నియమముల విశ్లేషణ

హిందీ మూలము :మహాత్మా నారాయణ స్వామి గారు

"ఆర్య సమాజ్ క్యాహై?"

తెలుగు అనువాదము : శ్రీ

అనంతార్య గారు

ప్రతి పుస్తకము యొక్క

మూల్యము రూ. 30/-

10 పుస్తకములు కొన్న

వారికి తక్కువ రేటుతో

అనగా రూ. 20/- పతి

పుస్తకము ఇవ్వబడును

ప్రచారార్థము ఆర్యసమాజ

అధికారులు, ఔత్సాహికులు,

అధిక సంఖ్యలో ప్రతులను

కొనుగోలు చేసి ఇంటింటా చదువరులైన

యువకులకు, విద్యార్థులకు అందజేసి

సహకరించాలని విజ్ఞప్తి.

**లభించు స్థలము : ఆర్య ప్రతినిధి సభ**

**కార్యాలయము సుల్తాన్‌బజారు,హైదరాబాదు.**

**సంప్రదించుటకు ఫోన్ నెంబర్లు :**

**040-2475 6983, 66758707**

**అధిక ప్రతులు కొనుగోలుకై తగిన రేటుకు**

**లభించును. 9849560691**

पढ़िए **आर्य प्रतिनिधि सभा** पढ़ाइए

आ.प्र. तेलंगाना के नये प्रकाशन

# आर्य समाजमनगानेमि?

**वैदिक धर्म, आर्यसमाज और महर्षि दयानन्द का परिचय.**


**मूल हिन्दी रचनाः महात्मा नारायण स्वामी कृत**

## आर्य समाज क्या है ?

का तेलुगु अनुवाद. अनुवादक श्री अनन्तार्य जी

मूल्य : रु. ३०/- प्रति पुस्तक

**अधिक पुस्तकें खरीदने पर रु.२०/-प्रति पुस्तक**




प्रचारार्थ आर्य समाज के अधिकारी एवं उत्साही कार्य कर्ता अधिकाधिक प्रतियों को ख़रीद कर घर-घर, पाठशाला, युवावर्ग एवं छात्रों में वितरित कर सहयोग दें।

**प्राप्ति स्थान : कार्यालय आर्य प्रतिनिधि सभा आ.प्र. - तेलंगाणा, सुल्तान बाज़ार - हैदराबाद**

**संपर्क सूत्र : फोन. नं. : ०४०-२४७५६९८३, ०४०- ६६७५८७०७, ०९८४९५६०६९१**

thearyasamaj.org



विद्या वंतुल महासभा वेदिका (इंटलेक्चुअवल फोरम ) की वेदी से बोलते हुए स्वामी अग्निवेशजी।

समारोह में उपस्थित जनता।



नरेंद्र भवन में तेलंगाना संयुक्त कार्यसमिति अध्यक्ष प्रो. कोदंडरामजी, स्वामीजी के साथ भोजन करते हुए





हैदराबाद स्थित पं. नरेंद्र भवन, आर्य प्रतिनिधि सभा के अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रो. कोदंडरामजी से मिलकर बातचीत करते हुए स्वामी अग्निवेशजी।

thearyasamaj.org

Date of Publication 2nd & 17th of every Month, Date of posting 3rd and 18th of every month
आर्य जीवन 18-1-2015 Registered-Reg. No.HD/783/2015-17 RNI.No.52990/93


# ఆర్య జీవన్

-హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక



ఆర్య ప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.-తెలంగాణ, D.No. 4-2-15
మహర్షి దయానంద మార్గము సుల్తాన్ బజార్, హైదరాబాద్-95,
phone No. 040 - 24753827, 66758707, Fax: 040-24557946
సంపాదకులు - విఠల్‌రావు ఆర్య ప్రధాన్ సభ

**स्वामी अग्निवेशजी हैदराबाद के विद्वान सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित विद्वत व सामाजिक कार्य महासभा को संबोधित करते हुए। साथ में तेलंगाना संयुक्त कार्य समिति के अध्यक्ष प्रो. कोदंडरामजी, उच्चतम न्यायालय के निवर्तमान न्यायाधीश जस्टिस सुदर्शन रेड्डीजी, श्री मल्लेपल्ली लक्ष्मय्याजी सभा अध्यक्ष, श्री चुक्का रामय्याजी (एमएलसी), प्रो. केशवराव जाधवजी व अन्यों के साथ।**




**पं. नरेंद्र भवन, हैदराबाद में आर्य प्रतिनिधि सभा के अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रो. कोदंडरामजी से मिलकर बातचीत करते हुए स्वामी अग्निवेशजी।**







సంపాదకులు : విఠల్‌రావు ఆర్య, ప్రధాన్, ఆర్యప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.-తెలంగాణ సుల్తాన్‌బజార్, హైదరాబాదు-95 Ph.: 24558707, Email : aryavithal@yahoo.co.in
संपादक: श्री विट्ठल राव आर्य प्रधान सभा ने सभा की ओर से आकृति प्रेस चिक्कडपल्ली में मुद्रित करवा कर प्रकाशित किया।
प्रकाशक: आर्य प्रतिनिधि सभा आं.प्र.-तेलंगाना सुल्तान बाज़ार, हैदराबाद तेलंगाना-९५